Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up Indo German Tool Room in Sholapur.

डॉ. जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शोलापुर शहर केंद्र शासन के महत्वाकांक्षी प्रकल्प स्मार्ट सिटी के अंतर्गत विकसित हो रहा है । इसके कारण मुझे और शहरवासियों को अभिमान और आनंद है । शहरवासी जिस तरह से स्मार्ट सिटी के प्रकल्प को आगे बढ़ाने में सहकार कर रहे हैं, उसे देखते हुए मैं सभी शहरवासियों का आभार प्रकट करता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र शोलापुर जिले के मागासवर्गीय, पिछड़े वर्ग, कम शिक्षित तथा साथ ही साथ उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए रोजगार निर्मित तथा रोजगार सक्षमीकरण करने के लिए शोलापुर शहर में इंडो जेनरल टूल रूम की शाखा स्थापित करने की मांग शोलापुर के कई सामाजिक संगठनों द्वारा की जा रही है । शोलापुर वस्त्र उद्योग क्षेत्र में प्रगतिशील माना जाता है । सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग द्वारा इंडो जेनरल टूल की शाखा स्थापित करके शोलापुर तथा इससे लगे हुए अन्य राज्यों के युवकों को प्रशिक्षित किया जा सकता है।

अत: मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से नम्र निवेदन करता हूं कि शोलापुर में इंडो जेनरल टूल रूम स्थापित करने हेतु उचित कार्रवाई करने की कृपा करें । धन्यवाद ।